संख्या-5/2017/947एस.ची.उ.अनु.-1/17-2504/2017

प्रेषक,

नरेश बहादुर,
विशेष सचिव,
उ.प्र. शासन।

सेवा में,

राज्य सूचना अधिकारी,
एन.आई.सी., योजना भवन,
उ.प्र.शासन।

चीनी उद्योग अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 17 अगस्त, 2017

विषय:-ई-प्रणाली क्रियान्वित किये जाने हेतु लॉगिन आई.डी. एवं पासवर्ड उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग में उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुरूप ई-प्रणाली के माध्यम से अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानान्तरण एवं नियुक्ति को पूर्ण तरीके से पारदर्शी करने हेतु ऑन-लाईन सॉफटवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से समस्त कर्मचारियों को सुविधा अनुमन्य करने की आवश्यकता प्रतीत होती है। उक्त एप्लीकेशन को शासन स्तर पर गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग तथा कार्यालय गन्ना एवं चीनी आयुक्त, उ.प्र., उ.प्र. राज्य चीनी निगम लि., उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि., लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान उ.प्र., उ.प्र. गन्ना शोध परिषद शाहजहॉपुर एवं उ.प्र. सहकारी गन्ना समिति संघ लि. में क्रियान्वित किया जाना है। उक्त साफ्टवेयर को भली-भॉति संचालित किये जाने हेतु विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जाना आवश्यक है।

अत: उक्त के परिप्रेक्ष्य में आपसे अनुरोध है कि कृपया आप विभाग के समस्त कार्यालयों को लॉगिन आई.डी. एवं पासवर्ड उपलब्ध कराने का कष्ट करें। ताकि अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानान्तरण/नियुक्ति सम्बन्धी समस्त मामलों को एप्लीकेशन के माध्यम से ऑन-लाईन प्रदर्शित किया जा सके।

भवदीय,

(नरेश बहादुर)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in